मत्स्य विज्ञान में रोजगार के अवसर एवं संभावना विषय पर व्याख्यान

आज नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो सीता प्रसाद तिवारी जी के विशेष मार्गदर्शन तथा अधिष्ठाता डॉ. ए.पी. सिंह के निर्देशन, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में स्नातक व स्नातकोत्तर छात्रों के लिए मत्स्य विज्ञान विषय में रोजगार के अवसर एवं संभावना विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय कवर्धा छत्तीसगढ़ के पूर्व अधिष्ठाता एवम मत्स्य विज्ञान विषय विशेषज्ञ डॉ. एच.के. वाड़िया ने छात्रों को शासकीय एवं निजी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर एवं जेआरएफ/एस.आर.एफ. परीक्षाओं की तैयारी संबंधी विषयों पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस दौरान डॉ. एच.के. वाड़िया ने छात्रों को मत्स्य विज्ञान से जुड़े प्रश्नों का प्रत्युत्तर दिया, साथ ही जीवन से जुड़े अपने अनुभव भी छात्रों के साथ साझा किए। सम्पूर्ण कार्यक्रम के क्रियान्वयन में प्राध्यापक डॉ. एस.के. महाजन का विषेश योगदान रहा। डॉ प्रीति मिश्रा सहित टीचिंग एसोसिएट श्री शिव मोहन सिंह, प्रियंका गौतम, प्रतीक कुमार तिवारी, सत्येंद्र कटारा एवम स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ माधुरी शर्मा तथा कार्यक्रम की रूपरेखा निर्माण व आभार व्यक्त डॉ सोना दुबे द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर